

# जल जीवन मिशन संवाद



अंक 02 जून-23




## निवाड़ी बना प्रदेश का दूसरा हर घर जल जिला

## संदेश

प्रदेश में जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य प्रगतिरत है। इस कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु मिशन के कार्यों को राज्य शासन द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आज की स्थिति में विशेष उपलब्धियाँ अर्जित की गई हैं जहाँ मिशन के प्रारम्भ में प्रदेश के लगभग 1 करोड़ 19 लाख लक्षित परिवारों में से मात्र 13.53 लाख (11%) परिवारों को नल से जल प्राप्त हो रहा था। वहीं 30 जून 2023 की स्थिति में प्रदेश के 60.67 लाख (50.71%) ग्रामीण परिवारो को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगा है, और यह गौरव की बात है कि प्रदेश के द्वारा 50% से अधिक की उपलब्धि अर्जित की है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत अभी तक 148 समूह ग्राम योजनायें एवं 26,261 एकल ग्राम नलजल योजनायें स्वीकृत की जा चुकी हैं। इस प्रकार पूरे प्रदेश के सभी 51,416 ग्रामों के लिए नलजल योजनाओं के नियोजन का कार्य पूरा किया जा चूका हैं। साथ ही, आज प्रदेश के समस्त 52 जिले अब 25% से अधिक आच्छादन की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। मध्यप्रदेश ने हाल ही में जल जीवन मिशन में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है, प्रदेश के निवाड़ी जिले को प्रदेश का दूसरा "हर घर जल" जिला भारत सरकार द्वारा घोषित किया गया है। प्रदेश के सभी जिलों में योजना का क्रियान्वयन मिशन मोड पर किया जा रहा है, सतत् मॉनिटरिंग एवं अनुश्रवरण कर कार्यों में प्रगति लाने के बेहतर प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे मिशन के उद्देश्यों की प्राप्ति समायावधि में प्राप्त कर सकें।

संजय कुमार शुक्ल
प्रमुख सचिव,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मध्यप्रदेश शासन

## संवाद के मुख्य विवरण


- मिशन की उपलब्धियाँ
- स्वीकृत योजनाओं की स्थिति
- प्रदेश में मिशन की प्रगति
- शीर्ष 05 डिवीजन में मिशन की प्रगति
- समीक्षा बैठक एवं ग्रामों का भ्रमण
- सफलता की कहानी
- मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ एवं सोशल मीडिया


लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, म.प्र.


# उपलब्धि





मध्यप्रदेश ने हाल ही में जल जीवन मिशन में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश के निवाड़ी जिले को प्रदेश का दूसरा ”हर घर जल“ जिला भारत सरकार द्वारा घोषित किया गया है। मिशन के माध्यम से जिले शत् प्रतिशत् ग्रामों के कुल 55 हजार 645 ग्रामीण परिवारों को नल से शुद्ध जल प्रदाय हो रहा है।

मिशन के प्रारम्भ में प्रदेश के लगभग 1 करोड़ 19 लाख लक्षित परिवारों में से मात्र 13.53 लाख (11%) परिवारों को नल से जल प्राप्त हो रहा था। 30 जून 2023 की स्थिति में प्रदेश के 60.67 लाख (50.71%) ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगा है, और यह गौरव की बात है कि आज प्रदेश के द्वारा अर्जित उपलब्धि 50% से अधिक हो चुकी है।

साथ ही, आज प्रदेश के समस्त 52 जिले अब 25% से अधिकआच्छादन की श्रेणी में शामिल हो गए हैं।



# स्वीकृत योजनाओं की स्थिति




## एकल एवं समूह ग्राम योजनाओं का विवरण

| विवरण | ग्राम |
|---|---|
| कुल ग्राम | 51,414 |
| एकल ग्राम योजनाओं में सम्मिलित ग्राम | 26,261 |
| समूह ग्राम योजनाओं में सम्मिलित ग्राम | 35,996 |

* 11,726 ग्रामों के लगभग 36.53 लाख परिवारों हेतु अंत:ग्राम के कार्य एकल ग्राम योजना के माध्यम से तथा बल्क कनेक्शन समूह ग्राम योजना के माध्यम से किया जाएगा । समूह ग्राम योजनाओ में कुल 35,996 (24,270 + 11,726) ग्राम सम्मिलित हैं।

# हर घर जल ग्रामों एवं प्रमाणित ग्रामों की सूचीJJM Portal पर उपलब्ध हैं।

## मिशन की भौतिक प्रगति

| कुल लक्षित परिवार (एफएचटीसी) | 119.88 लाख |
|---|---|
| 15 अगस्त 2019 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 13.53 लाख (11.30%) |
| 1 अप्रैल 2022 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 49.20 लाख (41.04%) |
| 30 जून 2023 की स्थिति में (एफएचटीसी) | 60.67 लाख (50.71%) |

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, म.प्र.

# जल जीवन मिशन की प्रगति



## एकल नलजल योजनाओं की प्रगति

| विवरण | योजनाओं की संख्या |
|---|---|
| पूर्ण | 7506 |
| प्रगतिरत | 16913 |
| निविदा प्रक्रियाधीन | 1513 |
| निविदा हेतु शेष | 329 |
| **योग** | **26,261** |

## समूह नलजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति

| योजनाओं का विवरण | योजनाओं की संख्या | ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|
| पूर्ण | 28 | 1151 |
| प्रगतिरत | 87 | 24634 |
| निविदा प्रक्रियाधीन | 33 | 10,111 |
| **कुल** | 148 | 35996 |




## शालाओं एवं आंगनवाड़ियों की प्रगति

| विवरण | संख्या |
|---|---|
| प्रदेश में कुल शालाओं की संख्या | 93,419 |
| पूर्ण शालाओं (एफएचटीसी) की संख्या | 73719 (78%) |
| प्रदेश में कुल आंगनवाडियों की संख्या | 66,896 |
| आंगनवाडियों (एफएचटीसी) की संख्या | 42757 (63.92) |



**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, म.प्र.**

# शीर्ष 05 डिवीजन में क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन/ग्राम कार्य योजना/ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति/फील्ड टेस्ट किट /हर घर जल ग्राम प्रमाणन की स्थिति - 30 जून 2023 की स्थिति में

हर घर जल
जल जीवन मिशन

## ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति गठन की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह जून में कुल गठित ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों की संख्या |
|---|---|---|
| धार | 1473 | 1473 |
| राजगढ़ | 1634 | 1364 |
| सिवनी | 1577 | 1319 |
| बालाघाट | 1244 | 1243 |
| गुना | 1255 | 1195 |
| **कुल** | **7183** | **6594** |

## क्रियाशील घरेलु नल कनेक्शन की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | कुल आवासों की संख्या | माह मई में कुल आवास जिनमें घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध हो गए हैं | माह जून में कुल आवास जिनमें घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध हो गए है | प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|
| धार | 1473 | 395246 | 256759 | 263391 | 6632 |
| बालाघाट | 1244 | 372888 | 258033 | 258128 | 95 |
| खरगोन | 1140 | 355931 | 234305 | 237190 | 2885 |
| छिंदवाडा | 1889 | 347128 | 201243 | 204068 | 2825 |
| इंदौर | 607 | 193463 | 189262 | 189799 | 537 |
| **कुल** | **6353** | **1664656** | **1139602** | **1152576** | **12974** |

## ग्राम कार्य योजना निर्माण की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माहृ जून तक कुल तैयार ग्रामवार कार्य योजना |
|---|---|---|
| राजगढ़ | **1634** | **1505** |
| धार | **1473** | **1473** |
| गुना | **1255** | **1180** |
| सतना | **1761** | **1086** |
| सिवनी | **1577** | **1004** |
| **कुल** | **7700** | **6248** |

## फील्ड टेस्ट किट प्रशिक्षण की स्थिति

| जिला | कुल ग्रामों की संख्या | माह जून तक कुल ग्राम जिनमे 5 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया |
|---|---|---|
| रीवा | 2386 | 1675 |
| विदिशा | 1532 | 1532 |
| रायसेन | 1404 | 1375 |
| धार | 1473 | 1398 |
| बैतूल | 1338 | 1338 |
| **कुल** | **8133** | **7318** |

## "हर घर जल" ग्राम प्रमाणन की स्थिति

| जिला | माह जून (रिपोर्टेड) | माह जून (प्रमाणित) |
|---|---|---|
| बैतूल | 316 | 271 |
| इंदौर | 432 | 252 |
| सीहोर | 354 | 241 |
| खंडवा | 317 | 161 |
| धार | 468 | 158 |
| **कुल** | **1887** | **1083** |

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, म.प्र.**

# परिक्षेत्रवार मिशन की समीक्षा बैठक एवं ग्रामों का भ्रमण

## दिनांक 9 जून 2023
## समीक्षा बैठक

विभाग द्वारा परिक्षेत्र वार खंडो में मिशन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा प्रमुख अभियन्ता, नोडल अधिकारी, मुख्य अभियंता एवं पीएम टीम लीडर के साथ सयुंक्त रूप से इंदौर परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खंडो के समस्त कार्यपालन यंत्रियो एवं स्टाफ के साथ मिशन की समीक्षा परिक्षेत्र स्तर पर की  गई।



**दिनांक 15 जून 2023 को**
**गुना एवं अशोक नगर खंडो की समीक्षा बैठक  एवं खंडों के ग्रामों में मान. श्री ब्रजेन्द्र सिंह जी, राज्य मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, संजय कुमार शुक्ला,  प्रमुख सचिव, प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम के अधिकारियों एवं टीम लीडर पीएमयू के द्वारा सयुंक्त रूप से भ्रमण कर मिशन के कार्यो का अवलोकन कर ग्रामीणों से चर्चा की गई।**






हर घर जल
जल जीवन मिशन



सफलता की कहानी

# "जल जीवन मिशन से मिली पहचान"

देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर जिले के देपालपुर विकासखंड् के अंतर्गत झलारिया गांव जल जीवन मिशन के तहत ग्राम स्तर पर की गई पहल के तहत चर्चाओं में है। गांव में कुल 284 परिवार निवास करते हैं और आज की तारीख में गांव के शत् प्रतिशत परिवारों को जल जीवन योजना से नल कनेक्शन उपलब्ध होकर जल की आपूर्ती की जा रही है।

गांव की जल एवं स्वच्छता समिति में भी सक्रिय महिला प्रतिनिधियों की सदस्यता है। गांव की 45 वर्षीय श्रीमती सीता बाई जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में अपना अमूल्य सहयोग देकर महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रही हैं।

**श्रीमती सीता बाई**
ग्राम-झलारिया
ब्लाक-देपालपुर, जिला-इंदौर

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, म.प्र.**

# मिशन की गतिविधियों की झलकियाँ


















## सोशल मीडिया







